पंजाब केसरी 10-10-2023

बिना कुशलता व दक्षता के विकास एवं स्थिरता संभव नहीं

जी.एम.एन. कॉलेज में प्राचार्य डा. रोहित दत्त के दिशा-निर्देशन तथा डा. रवनीत कौर के नेतृत्व में एम.एस.एम.ई. हरियाणा स्कीम्स विषय पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान के दौरान मुख्य वक्ता जिला व्याख्यान औद्योगिकरण अधिकारी मयूर मंचाल ने अपने महत्वपूर्ण विचारों को विद्यार्थियों के साथ सांझा किया। प्रबंधन विभाग द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के संयुक्त तत्वावधान में इस कार्यक्रम का आयोजन डा. राकेश कुमार के संयोजन में किया गया।

जी.एम.एन. कॉलेज पहुंचने पर जिला व्याख्यान औद्योगिकरण अधिकारी मयूर मंचाल का स्वागत करते प्राचार्य डा. रोहित दत्त।

प्रारंभिक चरण में प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने मुख्य वक्ता का अभिनंदन करते हुए कहा कि वर्तमान समय में इस प्रकार की व्याख्यान की विद्यार्थियों के लिए परम आवश्यकता है, क्योंकि बिना कुशलता और दक्षता के विकास एवं स्थिरता संभव नहीं है।

इसी के आधार पर परिवार, समाज और राष्ट्र आत्मनिर्भर बनेगा। मयूर ने हरियाणा सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं व नीतियों से विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। इस मौके पर डा. अमीता तथा डा. नीलम भी उपस्थित रहीं।